Regarding problems faced by people of Mainpuri

श्रीमती डिम्पल यादव **(**मैनपुरी**) :** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मैनपुरी की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं, जहां मैनपुरी नगर पंचायत क्षेत्र किशनी में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क चौड़ीकरण के दौरान एनएचएआई द्वारा बड़ी मात्रा में अनियमितताएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे वहां क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा का जीवन जीना दूभर होता जा रहा है ।

महोदय, नगर पंचायत किशनी में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर एनएचएआई के द्वारा सड़क के दोनों तरफ तीन किलोमीटर पुराना नाला तोड़ दिया गया है, जिससे सड़क के दोनों तरफ दुकानों और घरों में पानी भर जाने से जल मग्न की स्थिति पैदा होती जा रही है और और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है ।

महोदय**,** चौड़ीकरण के दौरान पूर्व में स्थित हैंडपंप**,** बिजली के खंभे व सीवर लाइन को भी ध्वस्त कर दिया गया है ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी मांग बताइये ।

श्रीमती डिम्पल यादव **:** इस प्रकरण की शिकायत जिला अधिकारी के माध्यम से कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को की गई है**,** परंतु जल भराव की समस्या का कोई भी निस्तारण नहीं हो पा रहा है ।

मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालय का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं ।